# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-4

बृहस्पतिवार तिथि 04 फाल्गुन, 1933 (श०) / 23 फरवरी, 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—31

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) नगर विकास एवं आवास विभाग | .. | .. | .. | 06 |
| (2) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | .. | 03 |
| (3) कृषि विभाग | .. | .. | .. | 04 |
| (4) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | .. | 03 |
| (5) खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | .. | 05 |
| (6) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | .. | 09 |
| (7) सहकारिता विभाग .. | .. | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग | 31 |

किरासन तेल की आपूर्ति

*72. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखण्ड अन्तर्गत 19 पंचायत है, इसमें 25 प्रतिशत लोगों को जो गरीब, अतिपिछड़ा, दलित-महादलित है, उसको किरासन तेल (मिट्टी तेल) विगत 6 माह से नहीं मिला है, जिससे वहां के लोगों में आक्रोश व्याप्त है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार इसकी जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुए वहां के लोगों को नियमित रूप से किरासन तेल की आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

अनुसंधान केन्द्र बनाना

*73. श्रीमती (डॉ०) रंजू गीता--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बासपट्टी प्रखण्ड में 35.40 एकड़ कृषि फार्म है, जिसमें कृषि फार्म पर अभीतक कृषि से संबंधित कोई भी (प्रयोगशाला) अनुसंधान संस्थान का कार्य नहीं हो रहा है, यदि हां, तो सरकार उक्त स्थान पर अनुसंधान केन्द्र बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

किरासन तेल उपलब्ध कराना

*74. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर प्रखण्ड अन्तर्गत 12 पंचायत हैं, जिसमें 25 प्रतिशत लोग जो गरीब, अतिपिछड़ा, दलित-महादलित है उसको किरासन तेल विगत 6 माह से नहीं मिला है, जिसके फलस्वरूप वे अंधेरे में रहने को विवश है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार इसकी जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुए वहां के लोगों को नियमित रूप से किरासन तेल की आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

टंकी का निर्माण

*75. श्री विक्रम कुंवर--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 108 रघुनाथपुर विधान-सभा क्षेत्र जिला सिवान में क्रमश: फुलवरिया, हरनाथपुर, निखती, बडरम, रामपुर एवं सहदैलपुर घायघाट में 2010 में छोटा पानी टंकी निर्माण हेतु टेण्डर हो चुका है, परन्तु अभीतक कार्य शुरू नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त टंकी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*76. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत दरौली प्रखण्ड में 2009 से ही पशु चिकित्सा पदाधिकारी को पदस्थापित नहीं रहने के कारण वहां के पशुपालकों को पशुओं की इलाज कराने में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पशु चिकित्सा पदाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*77. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा एवं परिहार प्रखण्ड में बी०पी०एल०, अन्त्योदय एवं अन्नपूर्णा का खाद्यान्न गेहूं एवं चावल जन-वितरण प्रणाली के विक्रेताओं द्वारा विगत एक वर्ष से वितरण नहीं किया गया है, यदि हां, तो सरकार इस संबंध में कबतक आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जल निकासी की व्यवस्था

*78. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज अनुमण्डल मुख्यालय विगत 7-8 वर्षों से जल निकासी व्यवस्था नहीं होने के कारण हमेशा भयंकर संक्रामक बीमारी फैलाने का खतरा बनी रहती है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य अप्रैल, 2011 में संबंधित स्थानीय पदाधिकारियों से जल निकासी व्यवस्था हेतु अनुरोध किये जाने के बावजूद अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनुमण्डल मुख्यालय से जल निकासी की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शामिल करना

*79. श्री तार किशोर प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत नगर निगम, कटिहार के वार्ड संख्या 7 एवं 9 कोढ़ा अंचल के मधुपरा मौजा अन्तर्गत पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस मौजा में अवस्थित नागरिकों को राजस्व कार्य हेतु 18 कि०मी० दूर कोढ़ा अंचल कार्यालय जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अधुरा मौजा को कटिहार अंचल में शामिल करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा उपलब्ध कराना

*80. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम द्वारा पटना शहर के मकान मालिकों से होल्डिंग टैक्स की वसूली की जाती है तथा बड़े बकायेदारों की कुर्की-जब्ती करने का भी निर्णय जुलाई, 2011 में लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना शहर में मूलभूत सुविधाएँ यथा सड़क, पेयजल, नाला आदि उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी उपरोक्त होल्डिंग टैक्स के एवज में नगर निगम को करना है परन्तु बिना मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराये कुर्की-जब्ती का निर्णय लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के बाद ही होल्डिंग टैक्स वसूलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशन कार्ड उपलब्ध कराना

*81. डॉ० अच्युतानन्द--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 25 जनवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''45 लाख परिवार राशन कार्ड से वंचित'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रदेश में सर्वेक्षित शहरी एवं ग्रामीण 45 लाख परिवार अभी भी राशन कार्ड से वंचित हैं;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार सभी परिवारों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने के लिए कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---------

जलमीनार का निर्माण

*82. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखण्ड मुख्यालय में जलमीनार का निर्माण कार्य वर्ष 2009 में स्वीकृत की गयी, परन्तु अभीतक कार्य अधूरा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जलमीनार का निर्माण कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नालों का निर्माण

*83. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर में डी०एम०सी०एच० एवं शहर के बड़े भू-भाग में जल निकासी के लिए सम-विकास योजना से स्वीकृत डी०एम०सी०एच० से छपराड घाट तक के नाले निर्माण हेतु भू-अर्जन के लिए 2.17 करोड़ की राशि नगर विकास विभाग द्वारा 2009-10 में दरभंगा नगर निगम को उपलब्ध कराई गई है, यदि हां, तो क्या सरकार भू-अर्जन की प्रक्रिया पूर्ण कर नालों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जलमीनार बनाना

*84. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परिहार प्रखण्ड मुख्यालय में जलमीनार नहीं रहने के कारण आम जनता को पेयजल पूर्ति में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त प्रखण्ड मुख्यालय में जलमीनार निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलापूर्ति योजना चालू करवाना

*85. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नगर पंचायत, वारिसलीगंज में पेय जलापूर्ति योजना वर्ष 2006-07 से बन्द पड़ा है;

(2) क्या यह बात सही है कि वारिसलीगंज नगर पंचायत में जलस्तर नीचे रहने के कारण गर्मी के दिनों में आम नागरिकों को पेयजल की काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नगर पंचायत, वारिसलीगंज में बन्द पड़े पेय जलापूर्ति योजना को चालू करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रयोगशाला स्थापित करना

*86. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत किसी भी प्रखण्ड में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला नहीं है, जिसके कारण किसानों को मिट्टी जाँच करवाने में काफी परेशानी हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार नवादा जिला के सभी प्रखण्डों में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला स्थापित करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापित करना

*87. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला स्थित शिवहर जिला पशुपालन पदाधिकारी का पद सितम्बर, 2011 से ही रिक्त है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त पद पर जिला पशुपालन पदाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*88. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला नगर निगम के अन्तर्गत बेली रोड में अम्बेडकर पथ में महिमा मंदिर से शांति बिहार कॉलोनी तक घनी आबादी होने के बावजूद भी सड़क की स्थिति अत्यन्त जर्जर होने से लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त मुहल्ला में सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

वासगीत पर्चा दिलाना

* 89. श्री अरूण शंकर प्रसाद-- स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 10 जनवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक '' नही मिला वासगीत पर्चा'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत वर्ष 1996 में जयनगर नगर पंचायत वार्ड नं० 1 में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा चलाये गये अतिक्रमण मुक्त अभियान में विस्थापित 58 दलित, महादलित एवं अल्पसंख्यक परिवारों को पनर्वास जयनगर बस्ती पंचायत के वार्ड नं० 2 बाबा पोखर भिण्डा में किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि 15 वर्ष बीत जाने के पश्चात् भी वहां के पुनर्वासित 58 भूमिहीन परिवारों को वासगीत पर्चा मुहैया नहीं कराया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त भूमिहीन परिवारों को वासगीत पर्चा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

* 90. श्री अवधेश कुमार राय--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 24 जनवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक '' धान खरीद की रफ्तार धीमी'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कृषि विभाग के आकलन अनुसार बेगूसराय जिला में 60 हजार मैट्रिक टन धान का उत्पादन हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिले में 20 हजार मैट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया था जिसमें अभीतक मात्र 38 सौ क्वींटल धान का ही खरीद किया जा सका है;

(3) क्या यह बात सही है कि क्रय केन्द्र पर नयी मापक यंत्र नहीं है जिससे पदाधिकारी मनमाने ढंग से किसानों को धान में नमी बताकर लौटा देते हैं तथा बिचौलियों के माध्यम से धान की खरीद की जाती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार किसानों को धान खरीद हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल निकासी की व्यवस्था

*91. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला स्थित आरा के पश्चिमी रेलवे क्रासिंग पर स्थित रेलवे ओभरब्रिज के पश्चिम वाली सड़क आरा-सासाराम मुख्य सड़क है;

(2) क्या यह बात सही है कि ओभरब्रिज निर्माण के कारण उक्त सड़क के पश्चिम स्थित इलाके की सड़क जर्जर है एवं जल निकासी नहीं हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ओभरब्रिज के पश्चिम स्थित सड़क की मरम्मती एवं जल निकासी की व्यवस्था करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का स्थापना

* 92. श्रीमती मुन्नी देवी-- क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक प्रखंड में ई-किसान भवन की स्थापना का निर्णय लिया गया है परन्तु भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड बिहिया में ई-किसान भवन की स्थापना आजतक नहीं की गयी है, यदि हां, तो कबतक सरकार उक्त जगह ई-किसान भवन की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पानी टंकी चालू करना

* 93. श्री महेन्द्र बैठा-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड पानी टंकी का निर्माण हुए 10 वर्ष हुआ है, लेकिन अभीतक चालू नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पानी टंकी को जनहित में शीघ्र चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रयोगशाला खोलना

* 94. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह-- स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 10 जून, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''अनुमंडल स्तर पर होंगी पानी टंकी की जांच'' को ध्यान में में रखते हुए क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 76 अनुमंडलों में पेयजल हेतु अत्याधुनिक मशीनों से लैश प्रयोगशालायें खोलने का निर्णय जून, 2011 में लिया गया है;

(2)क्या यह बात सही है कि राज्य के विभिन्न जिलों पटना, मुंगेर, सहरसा, मधेपुरा एवं आरा जिलों में आयरन, क्लोराईड एवं आर्सेनिक मौजूद है, जिससे आम नागरिक उक्त पानी पीने को मजबूर हैं तथा वे बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं, लेकिन आजतक बिहार राज्य के किसी भी अनुमंडलों में अत्याधुनिक प्रयोगशाला स्थापित नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में कबतक सभी अनुमंडलों में प्रयोगशाला खोलने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

* 95. श्रीमती (डॉ०) रंजु गीता--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विगत वर्ष राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि राज्य के प्रत्येक प्रखंड में एक ई०-किसान भवन का निर्माण कराया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड नानपुर और बोखरा में अभीतक ई०-किसान भवन का निर्माण नहीं कराया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त प्रखंडों में कबतक ई०-किसान भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पइन की उड़ाही

*96. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के लखीसराय नगर परिषद के अधीन मनसिघा पइन की उड़ाही विगत दस वर्षों से नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात के दिनों में लखीसराय नगर परिषद के वार्ड 29-30-31-32 के अलावे लखीसराय समाहरणालय भी मनसिघा पइन के पानी से डूब जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मनसिंघा पइन की उड़ाही कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

अतिक्रमण मुक्त कराना

*97. श्री दिनेश कुमार सिंह—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड परिसर में स्थित किसान भवन पर दस वर्षों से डी०एस०पी० जगदीशपुर का अवैध कब्जा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंडा का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त भवन को अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन निर्माण कराना

*98. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखण्ड के अधीन शालीमार में मवेशी स्वास्थ्य केन्द्र की मंजूरी विगत वर्ष 2009 में की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि मवेशी स्वास्थ्य केन्द्र का भवन नहीं रहने के कारण मवेशी का ईलाज नहीं हो पाता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त मवेशी स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चापाकल चालू करना

*99. श्री महेन्द्र बैठा—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के सिमरवाड़ा चौक चापाकल जमील रमौली मौदह उच्च विद्यालय, पातेपुर उच्च विद्यालय, भरथीपुर व कृष्णवाड़ा के चापाकल एवं सुक्की उच्च विद्यालय के चापाकल विगत दो वर्षों से खराब है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त चापाकलों को मरम्मती कर चालू करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जलापूर्ति करना

*100. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय नगर परिषद के लाल पहाड़ी के किनारे दलित एवं दबे-कुचले लोगों की घनी आबादी के बीच पेय जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं रहने के कारण वहां के लोगों को क्यूल नदी का दूषित जल पीना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लाल पहाड़ी पर पेय जलापूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदाधिकारियों को बहाल करना

*101. श्री अरूण शंकर प्रसाद—स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 13 जनवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के 80 फीसदी पद रिक्त'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के 1884 स्वीकृत पद हैं जिसमें मात्र 300 पदाधिकारी हीं कार्यरत हैं तथा शेष 1584 पद रिक्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि पदाधिकारियों की कमी के कारण विभागीय कार्य बाधित हो रहा है तथा धान अधिप्राप्ति सहित कई कार्य प्रभावित हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक, उक्त रिक्त पदों पर पदाधिकारियों को बहाल करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पानी टंकी चालू कराना

*102. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखण्ड के बैरिया नवीनगर, धीरसिण्डी, नीवनगर रोड में पानी टंकी द्वारा पेय जलापूर्ति विगत दस वर्षों से बन्द है, जिससे पेय जलापूर्ति में बाधा उत्पन्न होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त तीनों पानी टंकी को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

लक्ष्मीकान्त झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा

पटना:
दिनांक 23 फरवरी, 2012 (ई०)।

बि०स०मु० (एल०ए०)102-डी०टी०पी०-450